डॉ. केशरी लाल वर्मा
कुलपति
Dr. Keshari Lal Verma
Vice Chancellor

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़) भारत
Pt. Ravishankar Shukla University
Raipur (Chhattisgarh) - 492010 - INDIA
Office : +91-771-2262857
Fax : +91-771-2263439
E-mail : vc_raipur@prsu.org.in
Website : www.prsu.ac.in

क्रमांक / 2954 / के.एस. / 2021
रायपुर, दिनांक 14 जून, 2021

प्रिय परीक्षार्थियो,

आशा है कि आप स्वस्थ एवं सुरक्षित हैं।

इस समय हम सब कोरोना वायरस के संक्रमण-काल से गुजर रहे हैं। इस स्थिति में इस से बचाव के लिए जागरूकता की महती आवश्यकता है। इस संबंध में समय-समय पर आवश्यक सूचनाएँ प्रसारित की गईं, जिसका आप सब ने पालन सुनिश्चित करते हुए दिशा-निर्देशों को अपनाया है। हमारे विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्य इस दौर में अपने-अपने स्तर पर अपनी भूमिका का निर्वाह करते आ रहे हैं। कोविड-19 महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु विश्वविद्यालय / महाविद्यालय के स्तर पर प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, एवं छात्र-छात्राओं के माध्यम से सभी नागरिकों में कर्तव्यों के प्रति जागरूकता एवं जनभागीदारी बढ़ाने संबंधी अभियान चलाया गया। कोविड-19 का खतरा अभी भी बरकरार है। हम पूरी तरह से सुरक्षित नहीं हुए हैं। अतः सरकार की ओर से समय-समय पर जारी किए गए कोविड प्रोटोकॉल, कोविड बिहेवियर (मास्क लगाना, समय-समय पर हाथ धोना या सेनिटाइज करना, सामाजिक दूरी बनाए रखना, जन-समूह से बचना, और टीका लगवाना) का पालन अभी भी करते रहना है। टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा मे जिस तरह से छात्र-छात्राओं एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का योगदान रहा है, प्रशंसनीय है। अभी भी इस अभियान में अपना योगदान निरंतर देते रहें।

इस दौर में अभी तक हम ने शैक्षणिक एवं अकादमिक गतिविधियों को गतिशील बनाए रखा है। शिक्षण-सत्र 2020-'21 के अध्ययन-अध्यापन का कार्य संपन्न किया गया है एवं परीक्षाएँ ऑनलाईन / ब्लेंडेड मोड में आयोजित हो रही हैं। 15 जून, 2021 से सत्र 2020-'21 की वार्षिक परीक्षाएँ प्रारंभ हो रही हैं। संख्या की दृष्टि से कुल संख्या में अधिकांशतः बी.ए., बी.कॉम., एवं बी.एस-सी. प्रथम वर्ष के परीक्षार्थी हैं जो विश्वविद्यालयीन परीक्षा में पहली बार सम्मिलित हो रहे हैं। ऐसे विद्यार्थी / परीक्षार्थियों के लिए यह एक नया अनुभव होगा।

विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा के संबंध में पूर्व में ही आवश्यक दिशा-निर्देश एवं समय-सारिणी जारी की जा चुकी है, प्रवेश-पत्र जारी किए जा चुके हैं, तथा आवश्यक तैयारियाँ की जा चुकी हैं।

आशा है कि आप सभी परीक्षा-योजना के अनुसार पूरी तरह से तैयार होंगे। परीक्षा को पूर्ववत गंभीरता से लेते हुए पूरी तैयारी के साथ परीक्षा में सम्मिलित हों एवं तनावमुक्त रहकर परीक्षा दें।

स्वस्थ रहें, सुरक्षित रहें।

शुभकामनाओं सहित,

(केशरी लाल वर्मा)

समस्त परीक्षार्थीगण,
पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर

Scanned with CamScanner